
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 21 अप्रैल 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 32.2 डिग्री

4
नियम बदले तो बढ़ी परेशानी, तहसील कार्यालय में नाम ...



## खबर संक्षेप



### दिनदहाड़े लूट का प्रयास करने वाले आरोपी फरार

**तनौद** । बाइक में सवार 4 नकाबपोश ग्राम तनौद के एक घर में दिनदहाड़े लूटपाट करने का प्रयास करने वाले वाले आरोपी 24 घंटे बाद भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 18 अप्रैल की दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत तनौद में शिवकुमार पिता कुंजराम साहू अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान तड़के 2 बजे चार नकाबपोश रिलावल्टर व चाकू लेकर लूट की वारदात को अंजाम देने घर के अंदर पहुंचे। जिसे देखकर वह घबरा हो गई और जोर जोर से चिल्लाने लगी। तब पड़ोसी व आसपास लोग इकट्ठे होते ही नकाबपोश हमला वार रिवाल्वर देखा और घटना स्थल से दो नग चाकू बैंग स्पार्क छोड़ भागे। घटना कि जानकारी शिवकुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिससे शिवरीनारायण थाना प्रभारी मामले की जांच में जुटे है। खास बात यह है कि घटना को हुए 24 घंटे बीत चुके है, लेकिन इसके बाद भी आरोपी नकाबपोश पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### कचरा डंपिंग यार्ड बना जिला मुख्यालय का शांतिनगर

जांजगीर-चांपा। शांति नगर अघोषित रूप से कचरा डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। शहर का कचरा हो या फिर मरे हुए जानवर, सब यहीं फेंके जा रहे हैं। जब कचरा बढ़ता है तो नगर पालिका के कर्मचारी उसमें आग लगा देते हैं. जिसके चलते बदबू और धुएं से लोग परेशान हैं. खास बात यह है कि क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है, लेकिन जब कोई बड़ा नेता आता है, तो इसे साफ जरूर कर दिया जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया की शहर के बड़े होटलों, घर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका के कर्मचारी लेकर आते हैं, फिर उसे इसी मैदान में डंप कर दिया जाता है. साथ ही कोई मवेशी भी मरता है तो उसे भी इसी कचरे में फेक दिया जाता है। कचरे से निकलने वाली बदबू से बीमारी भी हो रही है। इसके अलावा संक्रमण फैलने का भी खतरा है. वहीं बच्चो के खेलने के लिए मैदान भी नहीं है। शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध होने के बावजूद कचरा बढ़ता जा रहा है. लोगों के घरों से आज भी प्लास्टिक से बने सामान निकल रहे हैं. बड़ी मात्रा में यार्ड में हर दिन प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसी कटलेरी आइटम, डिब्बे के साथ मेडिकल वेस्ट भी वहां डंप किए जा रहे है। इसलिए कचरे का ढेर कम होने के की जगह बढ़ रहा है।

### जेवर चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**कुसमी**। दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत 3 लाख 50 हजार के जेवरात चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ा। हैरानी की बात यह चोरी करने वाला कोई और नहीं बल्कि एक अपचारी बालक है। पुलिस ने अपरचारी को हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक तहसील पारा निवासी राम अवतार खलखो आ. लाखू राम (36 वर्ष) 24 मार्च को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर का दरवाजा तोड़कर कमरे में रखे अलमारी को तोड़कर लगभग 3 लाख 50 हजार कीमत के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 454,380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

पुलिस की सक्रियता से 3 नाबालिग बच्चे मानव तस्करी का शिकार होने से बचे

# मानव तस्करी गैंग का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस की सक्रियता से तीन नाबालिग बच्चों को मानव तस्करी होने से बचा लिया गया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने तीनों नाबालिग बच्चों को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया है, शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

प्रकरण का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी 65 वर्षीय ने 18 अप्रेल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, कि

**खास बात**
- तीन नाबालिग बच्चों को मानव तस्करी होने से बचा लिया गया

उसके नाती का करीब 7-8 वर्ष पूर्व में एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई एवं नाती की पत्नी ने अपने पति के देहांत होने के बाद दूसरी जगह शादी कर घर बसा ली। प्रार्थी के नाती के 3 बच्चे हैं, सबसे बड़ी लड़की उम्र 14 साल, मंझली लड़की 12 साल एवं सबसे छोटा लड़का जो 10 साल का है। बड़ी लड़की कक्षा 6वीं तक पढ़ाई करके पढ़ाई छोड़ दी है। उक्त तीनों बच्चे प्रार्थी के बड़े भाई जो जन्म से अपाहिज है उन्हीं के घर में रहते हैं, प्रार्थी एवं परिवार के लोग बीच-बीच में जाकर बच्चों को देख-रेख करते हैं। दिनांक 12.04.2024 को शाम लगभग 04 बजे प्रार्थी बकरी चराकर वापस अपने घर में आया तो उसकी बहू ने



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

उसे बताया कि उसके तीनों पड़पोते-पोती घर में बिना किसी को बताये कही चले गये हैं, प्रार्थी द्वारा बच्चों की पतासाजी के दौरान उसे गांव के लोगों से पता चला कि तीनों बच्चों को उनके निकट रिश्तेदार के साथ स्कूटी में बैठकर जाते देखना बताया गया। प्रार्थी द्वारा निकट रिश्तेदार है यह सोचकर वह उसी समय उसे फोन नहीं किया। प्रार्थी 03 दिन बाद रिश्तेदार को फोन करके बच्चों के संबंध में पूछा तो वह बच्चों को नहीं जानती हूं, मेरे पास नहीं है बताई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की अत्यंत संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जशपुर श्री शशि मोहन सिंह (IPS) ने एसडीओपी बगीचा श्रीमती निमिषा पाण्डेय के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर उक्त गुम बच्चों की पतासाजी हेतु लगाया गया, जिसकी मॉनीटरींग स्वयं पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा किया गया। टीम द्वारा उक्त तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर थाना लाया गया।

पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि घटना दिनांक के 2 दिन पूर्व उनकी रिश्तेदार उनके घर में आई थी और बोली कि मेरे साथ चलो, तो वह प्रार्थी को बिना सूचित किये उक्त दोनों बच्चियों को अपने साथ लेकर अपने घर आई, 2 दिन अपने साथ रखी फिर दिनांक 12.04.2024 को उसने अपने स्कूटी वाहन से दोनों बहनों को उनके घर तपकरा क्षेत्र स्थित घर में लेकर आई और बोली कि-"तुम्हारे पिताजी का पैसा निकलेगा, तुम लोग साथ में रहोगे तब मिलेगा, तुम लोग बाहर जाकर काम करोगे तो उसका भी पैसा मिलेगा और तुमलोगों का अमीर घर में विवाह करा दूंगी जिंदगी अच्छे से कटेगा, तुम्हारे भाई को भी ले जायेंगे" कहकर चुपचाप चलना है किसी को नहीं बताना है कहते हुये अपनी बातों में लेकर तीनों भाई-बहन को स्कूटी वाहन में बैठाकर तपकरा आई और उन्हें बोली कि बस से कुनकुरी बस स्टैंड जाना फिर वहां से दूसरा बस पकड़कर कांसाबेल जाना है, मैं भी आती हूं। कांसाबेल बस स्टैंड में उसकी सहेली मिलेगी कहकर वह बस किराये के लिये 500 रू. दी। फिर वह एक बस में बैठाई एवं कुनकुरी में बस बदलकर कांसाबेल पहुंचने पर उनकी रिश्तेदार एवं उसके साथी मिले। रिश्तेदार की साथी ने उन्हें पुनः बस में बैठाकर अम्बिकापुर ले गई उसके बाद रेल्वे स्टेशन अंबिकापुर में ले जाकर अब मेरे साथ रहना है कहते हुये ट्रेन के माध्यम से अनुपपुर होते हुये अपने घर छतरपुर (मध्य प्रदेश) ले गई। रिश्तेदार की साथियों ने दोनों बहनों को कहा कि-तुम लोग दिल्ली जाकर काम करना, अच्छा पैसा मिलेगा तुमलोगों का शादी भी कराना है, तुम्हारा भाई हमलोगों के पास रहेगा, वे लोग तीनों भाई-बहन को 3-4 दिन अपने पास बंधक बनाकर रखे थे, किसी से बातचीत नहीं करने देते थे।

इसी दौरान एक दिन उनके पास एक लड़का को शादी करने के लिये बुलाये, बच्ची द्वारा शादी करने से मना करने पर वह वहां से चला गया। इसी दौरान उन्हें पुलिस की सक्रियता के संबंध में जानकारी

⏭ शेष पेज 4 पर

**तलाश जारी**

मामले में एक आरोपी गिरफ्तार है अन्य फरार आरोपियों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी होगी, मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावनाएं हैं।

**शशि मोहन सिंह**
पुलिस अधीक्षक जशपुर



# तिवारी नाले के जीर्णोद्धार से मिलेगी जलसंकट से मुक्ति

**जशपुरनगर**। शहर के लिए जीवनदायनी माने जाने वाले तिवारी नाला की दुर्दशा किसी से छीपी नहीं है। तिवारी नाला के मात्र जीर्णोद्धार से शहर में मंडराता गंभीर जल संकट दूर किया जा सकता है।तिवारी नाला के जीर्णोद्धार को लेकर जल संसाधन विभाग ने तैयारी कागजी तौर पर शुरू कर दिया है,लेकिन इस पर प्रशासनिक स्वीकृति मिलना अभी बाकी है।

**खास बात**
- जल संसाधन विभाग के 42 .6 लाख रुपए का प्रस्ताव प्रशासन के पास लंबित

कुछ वर्षों पूर्व शहर का एकमात्र जीवनदायनी तिवारी व्यापवर्तन एनिकट अंतर्गत तिवारी नहर का निर्माण किया गया था,जिसका पानी शहर के विभिन्न श्रोतों के माध्यम से तालाबों और कुंओ तक पहुंचता था,लेकिन निर्माण कार्य में मामूली तकनीकी खामियों के कारण नहर का पानी शहर तक नहीं पहुंच पा रहा है। दमेरा रोड में पनचक्की के पास बने तिवारी व्यपवर्तन एनीकट का गेट व वहां से निकली नहर का लेवल समान बना दिया है। एनीकट में जब पूर्ण जलभराव होता है, तब ही नहर में पानी उत्तर पाता है। एनीकट के पूरी तरह के भर जाने के बाद डेम में जिस लेवल पर पानी होता है, उसी पर नहर का पानी भी बहता है। नियमतः नहर का लेवल एनीकट के पूर्ण जलभराव के लेबल से थोड़ा कम होना चाहिए था। जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि इसमें एक और तकनीकी


⏭ शेष पेज 4 पर

**फाल्ट दूर करेंगे**

तिवारी नहर के निर्माण में तकनीकी कमी दूर कर देने से नहर का पानी बिना किसी रुकावट के शहर पहुंच जाएगा। नहर में दूर तक पानी पहुंचे इसके लिए एनीकट में फाल्ट की सुधार की जरूरत है। इस काम के लिए फंड का अभाव है। सुधार हो जाने के बाद अभी से ही तिवारी नहर में दूर तक पानी पहुंचना शुरू हो जाएगा।

**विजय जामनिक**
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन

# होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**जशपुर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को स्वामी आत्मानंद स्कूल जशपुर के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में होम वोटिंग, मतदान सामग्री, वितरण वापसी को लेकर सभी मतदान आधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर आधिकारी, काउंटर प्रभारी, सहायकों को सहायक रिटर्निंग आधिकारी श्री प्रशांत कुशवाहा द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में सामग्री वितरण वापसी मे रखी जाने वाली सवधानियों , किये जाने वाले सत्यापन, एआरओ प्रपत्र की प्रविष्टियों, विभिन्न प्रपत्रों के संग्रहण, पीठासीन के घोषणाओ सहित होम वोटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स प्रोफेसर डी आर राठिया ने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13 बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा। मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13 ए घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13 बी और घोषणा पत्र को बड़े लिफाफे 13 सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। मास्टर ट्रेनर द्वारा शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग जनों का होम वोटिंग 28 व 29 को

जशपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अनुपस्थित श्रेणी के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग से मतदान करने हेतु सुविधा दी गई है। लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 2 रायगढ़ अंतर्गत परिक्षेत्र जिला जशपुर तृतीय चरण में नामांकित मतदाताओ का जशपुर , कुनकुरी एवं पत्थलगांव संबंधित विधानसभा में होम वोटिंग, डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान करने 28 अप्रैल से 29 अप्रैल तक सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 तक घर बैठे होम वोटिंग की तिथि एवं समय दी गई है। मतदान दलों की ड्यूटी लगाई गई है।

### राठिया जशपुर में कल करेंगे जनसंपर्क

**जशपुर**। रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया 22 अप्रैल दिन सोमवार को जशपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे,उक्ताशय की जानकारी देते हुवे ओम प्रकाश सिंहा जिला संयोजक विधानसभा जशपुर ने बताया कि लोकसभा प्रत्यासी राधेश्याम राठिया दिनांक 22 अप्रैल 2024 (दिन सोमवार) को सुबह 11.30 से 2.00 बजे दोपहर तक जशपुर ग्रामीण मंडल में विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहेंगे,यहां ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष संजीव ओझा के नेतृत्व में सुबह 11.30 बजे लोदाम,दोपहर 12.30 बजे लोखण्डी और दोपहर 01.30 बजे आरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो जनता से रूबरू होंगे। इसी प्रकार जशपुर शहर मण्डल में मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में भागलपुर में दोपहर 03.30 बजे,डीपा टोली में शाम 04.30 बजे, कदमटोली में शाम 05.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार पुनः जशपुर ग्रामीण मंडल के नीमगांव में शाम 06.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा प्रत्यासी शिरकत करेंगे। उक्त कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम प्रभारी भी नियुक्त किया गया है,जिसमें लोदाम हेतु संजय गुप्ता,लोखंडी हेतु महेश पांडे,आरा हेतु मंगलनाथ सिंह,भागलपुर हेतु श्रीमती रजनी प्रधान, डीपाटोली हेतु नितिन राय,कदमटोली हेतु अनुज भगत और निमगांव हेतु श्रीमती शारदा प्रधान को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# चरखापारा में मनाया जा रहा अखंड विष्णु नाम महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

चरखापारा में अखंड विष्णु नाम महायज्ञ अष्ट प्रहरी मनायर जा रहा है। 24 घण्टे चलने वाले अखंड विष्णु नाम यज्ञ में आसपास के गांवों से कीर्तन मंडली समिति पहुंचकर अखंड विष्णु नाम यज्ञ में हुए शामिल हो रहे है। कार्यक्रम के लिए यज्ञ प्रांगण को अच्छी तरह से सजाया गया है।

ग्राम चरखापारा में 25 वर्षों से बड़े धूमधाम के साथ अखंड विष्णु नाम यज्ञ का आयोजन किया जाता है। सुबह से शाम रात तक लगातार ग्राम वासियों के साथ ही आसपास के गाँव गाँव से इस अखंड विष्णु नाम यज्ञ अष्ट प्रहरी में शामिल होने पहुच रहे है। पूजन और अखंड कीर्तन में भक्तो का उत्साह देखते बनता है।

- महिलाएं महायज्ञ में बढ़ चढ़ कर निभा रही अपनी भागीदारी

हर एक व्यक्ति अपने-अपने मन में प्रार्थना लेकर भगवान श्री हरि के श्री चरणों में अर्पित हो रहे है। गाँव की महिलाएं लगातार यज्ञ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही है।

इस अखंड नाम विष्णु महायज्ञ में ग्राम इला से आये कीर्तन मंडली के टिपेन्द्र यादव ने बताया कि हमारे गाँव से हमारी कीर्तन मंडली शुक्रवार को दुबारा कीर्तन करने पहुचा है। हम दोपहर को एक बार आकर कीर्तन में शामिल हो चुके है। ये हमारा सौभाग्य है कि हमे ग्राम चरखापारा के अखंड विष्णु नाम महायज्ञ के अष्ट प्रहरी में शामिल होने का मौका मिला है।

ग्राम चरखापारा के अखंड विष्णु नाम यज्ञ समिति ने बताया कि ये ये महायज्ञ गुरुवार को शुरू हुआ है जिसका समापन शनिवार को किया जाएगा इस कार्यक्रम में सभी गाँव वालों के साथ अन्य आसपास गाँव के लोगो ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। दूर दूर से अनेक कीर्तन मंडली आकर इस महायज्ञ में बारी बारी से कीर्तन कर रहे है। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष महाकुल समाज धरमजयगढ़ दुकालू राम यादव, ग्रामीण अध्यक्ष चरखापारा कन्हाई यादव, दिनेश यादव, जग्गनाथ यादव, तेजकुमार यादव, जलन्धर यादव, नित्या यादव, सुदर्शन यादव, चन्द्रमणि यादव, रोहित यादव, निधि यादव, चिंता यादव, विरन्दावन यादव, पीताम्बर यादव, तुलसी यादव, जगदीश यादव, अनिल यादव, दयानिधि यादव, बृजमोहन यादव, परमानन्द यादव, भोज यादव, एवं समस्त ग्राम वासी चरखापारा के लोगो का सहयोग है।



### हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन

पत्थलगांव। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में तीन दिवसीय पूजा पाठ हवन एवं मंत्र जाप बेदी पूजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे सभी भक्त शामिल हो सकते है। २१अप्रेल को वेदी पूजन, हनुमत पूजन जप और हवन शाम को सुंदर कांड का पाठ २२अप्रेल को पूजन हवन जप पूजन पूर्णाहुति एवम भंडारा का आयोजन किया गया है। शाम को हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया है। इस पूजा में पत्थलगांव के पुजारी श्री भक्ता महराज है। पूजा में शामिल होने के लिए हनुमान मंदिर समिति के पंकज अग्रवाल से सम्पर्क किया जा सकता है।

### आत्मानंद स्कूल फरसाबहार के प्राचार्य ने स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोजन



**फरसाबहार**। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुजूर ने प्रधानमंत्री पूरक पोषण आहार योजनांतर्गत अपने 32वें वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर विद्यालयीन बच्चों को न्योजा भोजन कार्यक्रम के तहत स्वादिष्ट भोजन कराया। इस अवसर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह धुर्व, नायब तहसीलदार सुशील सेन, नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश सिंह, आत्मानंद हिंदी माध्यम के प्रभारी प्राचार्य हेमंत निकुंज, फरसाबहार सरपंच अरुण खलखो, जीतू जायसवाल, पत्रकार विनोद शर्मा सहित आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, आत्मानंद हिंदी माध्यम, एकलव्य विधालय के शिक्षक उपस्थित रहे। बीईओ श्री देवांगन ने बताया की न्योता भोजन कार्यक्रम से समाज के लोगो मे समुदायिक सहभागिता का विकास होता है। कोई भी ग्रामीण जन अपने जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य किसी भी खुशी के अवसर पर यह न्योता भोज शासकीय विद्यालर मे करा सकते है।

# सरकार की बजाय नक्सलियों पर विश्वास करते हैं भूपेश : गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विधायक गोमती साय ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नक्सली एनकाउंटर के मामले में दिए गए बयान पर पलटी मारे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा भूपेश बघेल चुनी हुई सरकार की मिशनरी पर भरोसा करने की बजाय नक्सलियों पर अधिक भरोसा करते है। यही वजह है कि भूपेश की उलट बयान बाजी की वजह से प्रदेश की जनता का भरोसा कांग्रेस से खत्म हो रहा है। प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के साहसिक प्रयासों से मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को फर्जी एनकाउंटर बताते हुए भूपेश बघेल ने सवाल उठाए थे लेकिन नक्सलियों द्वारा मृतकों की सूची जारी करते ही भूपेश बघेल बैक फुट में आए और अपना बयान बदलते हुए कहा कि नक्सली मारे गए है। भूपेश बघेल को गुलाटी मार की संज्ञा देते हुए आदिवासी नेत्री गोमती साय ने कहा कांग्रेस सदा नक्सलियों के साथ खड़ी नजर आई है। झीरम घाटी में हुई घटना के जांच की मांग करने वाली कांग्रेस सत्ता में आते ही मुंह में दही जमा कर बैठ गई। भूपेश के ऐसे निरर्थक बयान से जाबांज सैनिकों का मनोबल टूटा है जो दिन रात प्रदेश को नक्सल वाद से मुक्त कराने जी जान से जुटे हुए है। कांग्रेस नही चाहती कि प्रदेश में अमन चैन स्थापित हो। आदिवासी नेत्री ने प्रदेश में सभी सीटों में भाजपा के भारी बहुमत से जीत की गारंटी दी है।

**खास बात**
- उलट बयान बाजी की वजह से प्रदेश में कांग्रेस भरोसा खो रही
- सराहना की बजाय एनकाउंटर को ही भूपेश बघेल ने फर्जी बताया था

# पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर



**फरसाबहार**। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा में गुणवत्ता एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए देश के कई सरकारी विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय में शामिल किया गया है। इसके लिए कई कार्ययोजना बनाई गई है जिसमें प्रोजेक्ट इनोवेशन के तहत पीएम श्री विद्यालयों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाना है। शुक्रवार को फरसाबहार विकासखंड के ग्राम लवाकेरा में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय लवाकेरा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक विकास शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ध्रुव, संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक, शिक्षक, अन्य स्टाफ, विद्यालय के बच्चे एवं उनके अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शिविर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने पीएम श्री शाला की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में

⏭ शेष पेज 4 पर

20- APR-Jash-Bhoomi pg- 2_Layout 1 4/20/2024 7:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### 8 महीने से सोलर पंप खराब, पेयजल समस्या से जूझ रहे बच्चे

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत बिनकरा स्थित स्कूल पारा शासकीय प्राथमिक शाला के पास का सोलर पंप पिछले 8 महीने से खराब पड़ा है। सोलर पंप को क्रेडा द्वारा 2 वर्ष पहले लगाया गया था जो लगने के कुछ दिनों तक चला इसके बाद सोलर पंप की मोटर खराब हो गई। खराब होने के कारण 8 महीने पहले निकाल दी गयी थी। क्रेडा के कर्मचारी खराब मोटर को मरम्मत कराने के नाम पर ले गए थे लेकिन 8 महीने बीत जाने के बाद भी हैण्डपंप को सुधारने का कोई प्रयास नहीं किया गया जिससे स्कूल के बच्चों सहित आसपास के ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### जनपद सदस्य विक्रम सिंह ने स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज



**धौरपुर।** प्रायमरी, माध्यामिक, आत्मानंद स्कूल के बच्चों को जनपद सदस्य ने सामूहिक न्योता भोज कराया। नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल, प्राथमिक शाला धौरपुर, प्राथमिक शाला चटकपुर, प्राथमिक शाला मसगा एवं भिलाई कला में जनपद सदस्य विक्रम सिंह, श्याम अग्रवाल, रवि अग्रवाल के सहयोग से सभी स्कूल के बच्चों को सामूहिक न्योता भोज कराया गया। भोज में मीठा पकवान बनाकर उन्हें खिलाया गया। विक्रम सिंह ने माध्यामिक शाला एवं आत्मानंद स्कूल में बच्चों को पंक्ति में बैठाकर बच्चों को भोजन परोसा वहीं प्राथमिक शाला में श्याम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल ने बच्चों को भोजन परोसा न्योता भोज का खर्च जनपद सदस्य ने उठाया है।

### मोड़ के समीप गड्ढे में गिरी बाइक दो युवकों की मौत

**अम्बिकापुर।** दोस्त को लेकर बाइक से घर लौट रहे युवक गांव के मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है परीक्षा का अंतिम पेपर समाप्त होने तथा युवक के घर में शादी होने पर दोस्तों युवक को लेकर गए थे। जानकारी के अनुसार कांसाबेल थाना अंतर्गत ग्राम चेटवा निवासी विशाल कुमार विश्वकर्मा आ. सूरभो कुमार विश्वकर्मा (17 वर्ष) पत्थलगांव में रहकर कक्षा 11वीं में पढ़ाई कर रहा था। गुरूवार को परीक्षा का अंतिम पेपर दिया। इसी बीच चाचा के यहां शादी होने पर उसके दोस्त राजू व गौरव बाइक से पत्थलगांव पहुंचे। तीनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही खुटीटोली मोड़ के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राजू को मृत घोषित कर दिया जबकि विशाल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। जबकि घायल गौरव का स्थानीय अस्पताल में उपचार जारी है। परिजन विशाल को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर 2 कर्मचारी निलंबित

**बलरामपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 नियुक्त कर विकासखण्ड स्तर पर मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विकासखण्ड राजपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदीकला के व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा, पीठासीन अधिकारी व शासकीय प्राथमिक शाला करंवा के प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा, मतदान अधिकारी क्रमांक 1 बगैर सूचना के अनुपस्थित रहे। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरती गयी। उनके इस कृत्य के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का द्वारा व्याख्यता संतोष कुमार वर्मा व प्रधान पाठक वीरेन्द्र बड़ा का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13गग, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 (1), (1क) (2) (3) एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 एवं 7 के विपरीत होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन कर्मचारियों का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय बलरामपुर नियत किया गया है तथा इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### मतदाताओं को जागरूक करने शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली

**सूरजपुर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास द्वारा शिक्षकों की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से शिक्षक शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो को प्रेरित करेंगे। रैली प्यूरी चौक ,बाजार चौक और चांदनी चौक से होते हुए बाइक रैली सुभाष चौक तक निकाला गया।

---

### आग लगने पर हो सकती है बड़ी दुर्घटनाएं

# ऑटो, यात्री बसों एवं स्कूली बस वेन में नहीं है अग्निशमन यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में खड़ी यात्री बसें।

आगजनी होने की कोई निश्चित समय नहीं होता और छोटी सी चिंगारी भी कभी वृहद आगजनी का रूप ले सकता है। ऐसे में सुरक्षा के इंतजाम न हो तो लोगों के लिए कई तरह की मुश्किलें खड़ी हो सकती है। खास कर वाहनों में आग लगने का खतरा अधिक होता है। हैरानी की बात यह है शहर में सैकड़ों की संख्या में यात्री वाहन सड़क पर दौड़ते है परंतु अधिकांश वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं होता जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नियमानुसार सार्वजनिक स्थानों में जिस तरह अग्निशमन यंत्र लगाना अनिवार्य है उसी तरह ऑटो, यात्री बसे व स्कूल में संचालित बस ऑटो में भी आग बुझाने के लिए अग्निशमन सिलेंडर रखना अनिवार्य है। हैरानी की बात यह है कि दमकल विभाग को हिदायत के बावजूद अधिकांश बसों व ऑटो में आग बुझाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती। ऐसे में लोग जान जोखिम में डाल सफर करने को मजबूर है।

**खास बात**
- जांच के बाद एक स्कूल को छोड़ सभी निजी स्कूलों को जारी किया नोटिस

शहर के अन्तर्राज्यीय प्रतीक्षा बस स्टैंड से जिले सहित दूसरे शहर व जिलों से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री पहुंचते है। शहर से हर रूट में लगभग हर रोज 5 सौ यात्री बसे आवागमन करती है। ऐसे में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों की अपेक्षा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में चौबीस घंटे लोगों की काफी भीड़ होती है। परंतु आगजनी की घटना को लेकर अधिकांश यात्री बसों में आग से बचाव के कोई साधन उपलब्ध नहीं है। इसी तरह शहर में कुछ साल के भीतर ही ऑटो की संख्या में न सिर्फ बढ़ोत्तरी हुई है बल्कि शहर में ऑटो तीन हजार को पार कर चुकी है जो शहर के विभिन्न मार्गो में दौड़ती है। तीन हजार ऑटो में गिनती के कुछ वाहनों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होती है जिससे आपात कालीन समय में सिर्फ थोड़ा बहुत आग पर ही काबू पाया जा सकता है। लेकिन अग्निशमन यंत्र नहीं होने पर जब किसी वाहन में आग लगी तो न सिर्फ बड़ी दुर्घटना हो सकती है बल्कि कई यात्रियों के जान जोखिम में पड़ सकते है।

#### कई वाहनों में लग चुकी है आग

शहर समेत आसपास क्षेत्र में यात्री बस, ऑटो व अन्य वाहनों में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि आगजनी से कोई हताहत नहीं हुआ परंतु वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। पूर्व में शहर आकाशवाणी चौक से कुछ दूर रिंक रोड काली मंदिर के समीप एक वाहन के खड़े करने के दौरान जबकि स्कार्पियो वाहन के चलते समय ही वाहन में आग लग गई। इसके अलावा राजपुर मार्ग में दो यात्री बसों में आग लगने की घटना हो चुकी है। इस घटनाओं से एक बात तो स्पष्ट हो गई कि पेट्रोल व डीजल वाहन में कभी भी आग लग सकती है। ऐसे में वाहन में अग्निशमन सिलेंडर रखना कितना महत्वपूर्ण है।

#### स्कूल संचालकों को जारी किया गया नोटिस

शहर के अलावा आसपास क्षेत्र में बड़ी संख्या निजी स्कूल संचालित है। स्कूलों में बड़ी संख्या में स्कूल वैन, बस के अलावा ऑटो से सैकड़ों की संख्या में बच्चे आवागमन करते है। वाहन में किसी प्रकार से आगजनी की घटना होने पर आपात कालीन व्यवस्था के तौर पर अग्निशमन यंत्र है या नहीं इसे लेकर कुछ माह पूर्व ही दमकल टीम ने स्कूलों में संचालित वाहनों की जांच की गई। हैरान की बात यह है एक निजी स्कूल को छोड़ अन्य निजी स्कूलों में संचालित वाहन में अग्निशमन यंत्र नहीं पाया गया। जिस पर टीम ने एक स्कूल को छोड़ सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया है।

#### अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य

यात्री बस, ऑटो के अलावा स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए बस व ऑटो की जांच की जाती है। साथ ही स्कूल संचालको सहित ऑटो चालक, बस मालिकों को वाहन में अग्निशमन यंत्र रखने की हिदायत दी गई। जांच में वाहनों में अग्निशमन यंत्र नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

-अंजनी तिवारी, दमकल प्रभारी

---



## सामुदायिक भवन के सामने गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

सामुदायिक भवन के सामने आज दोपहर उस समय अफरा-तफरी की स्थिति बन गई जब अचानक मुख्य मार्ग पर पेड़ गिर गया। सड़क पर राहगीर कम होने तथा पेड़ के आसपास खड़े लोगों ने भागकर अपनी जान बचाई जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

हो की स्थानीय सामुदायिक भवन स्टेडियम ग्राउंड रोड भीड़ भाड़ वाली स्थान पर अचानक से आज दोपहर में पेड़ गिर जाने के कारण जहां यातायात घंटों बाधित रही। शुक्रवार प्रतापपुर में बाजार लगने के कारण काफी भीड़ होती है। पेड़ के गिर जाने से यातायात को बाधित हुई वही पेड़ गिरने के चपेट में आते आते कई लोग बचे नहीं तो आज बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। पेड़ को गिरते आसपास मौजूद लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर होने तथा तेज धूप के कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही काफी कम थी। अगर मार्ग में भीड़ होती तो गई लोग पेड़ की चपेट में आ सकते थे। पेड़ को काटकर तत्काल आवागमन दुरुस्त किया गया।

### दो साल तक पिता करता रहा बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** रिश्ते को शर्मशार करने घटना सामने आई है। राजपुर पुलिस ने पत्नी की मौत के नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी पिता को गिरफ्तार किया है। आरोप लगातार दो वर्षो से बच्ची का दैहिक शोषण कर रहा था। बताया जा रहा है कि राजपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय नाबालिग की माता की मृत्यु हो गई थी। मां की मौत के बाद आरोपी पिता लगातार दो वर्षो से दैहिक शोषण कर रहा था। आरोपी ने बच्ची को डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दो साल तक प्रताड़ना झेलने के बाद बच्ची ने घटना की जानकारी दो दिन पूर्व अपनी बड़ी मां को दी जिसके बाद बड़ी मां बच्ची को लेकर थाने पहुंची थी।

---

## कांग्रेस व इंडिया गठबंधन लड़ रही संविधान को बचाने की लड़ाई : सुश्री खेड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ की मीडिया प्रभारी सुश्री राधिका खेड़ा ने कहा कि इस बार हम एक भीषण चुनाव लड़ रहे है। भीषण इस लिए क्यों कि यह लड़ाई हार जीत और सत्ता पाने की नहीं बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है। कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन संविधान को बचाने का प्रयास कर रही है। सुश्री खेड़ा आज जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जाकर मतदाताओं से कह रहे है कि हमें 400 सीट लाने में मदद करें क्यों कि हमें संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने जनता के हित में एक आरक्षण बिल लाया था जिसे सदन से मंजूरी मिल गई लेकिन राज्यपाल ने बिल पर हस्ताक्षर नहीं किया। प्रदेश में राज्यपाल बदल गए, सरकार बदल गई लेकिन आरक्षण बिल अभी भी टेबल पर धूल खा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी विरोधी है और यह पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस ने देश में बेरोजगारों को राहत देने के लिए 30 लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करने का वादा किया है। महिलाओं को साल में एक लाख रुपए प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस नौकरी में दस प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को शिक्षा में भी दस प्रतिशत का आरक्षण देगी। सुश्री खेड़ा ने कहा हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे।

## बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की बाइक बरामद की है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजिरमा निवासी रईस अंसारी 16 अप्रैल को अजिरमा स्थित पंचर दुकान के सामने अपनी बाइक खड़ी कर खाना खाने गया हुआ था। कुछ समय बाद जब युवक वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी ऐसे में उसने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत उपरान्त पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर निवासी 23 वर्षीय अंकित कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सुभाषनगर में रहने और चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



---

बिश्रामपुर-कुम्दा मार्ग के बाबा मस्तनाथ मंदिर के पास की है घटना

## कुदरगढ़ दर्शन के लिए निकली स्कूटी सवार महिलाओं से लूटपाट करने का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कुदरगढ़ मां का दर्शन करने जा रहे स्कूटी सवार को अज्ञात हथियारबंद लोगों द्वारा लूटपाट किए जाने का असफल प्रयास किया गया है। घटना में स्कूटी सवार एक महिला की दुर्घटना में चोट आने पर उसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- कट्टा हथियार पकड़े हुए बाइक सवार तीन युवकों ने जबरन स्कूटी रुकवाने की कोशिश की
- भय से स्कूटी तेज गति से भगाने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिरी महिला व रिश्तेदार, घायल अवस्था में उपचार हेतु बिश्रामपुर केंद्रीय अस्पताल हुए भर्ती

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत करमपुर निवासी 58 वर्षीय सुलकी बाई पति कालरी कर्मी निरंजन उरांव शुक्रवार को सुबहतड़के करीब साढ़े चार बजे अपने रिश्ते की ननंद 28 वर्षीय सुनीता टोप्पो पिता स्व.राम के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 9855 में मां कुदरगढ़ी का दर्शन करने घर से निकली थी। इसी दौरान बिश्रामपुर-कुमदा मार्ग पर स्थित बाबा मस्तनाथ मंदिर के पास तीन बाइक सवार अज्ञात लोग जो हाथ में कट्टा रखे थे, उनके द्वारा उक्त स्कूटी सवारों को रोकने के लिए आवाज दी गई। अज्ञात लोगों द्वारा रुकवाने के असफल प्रयास किए जाने उपरांत स्कूटी सवार महिला द्वारा काफी तेज गति से स्कूटी को चलाई, जिससे थोड़ी ही दूर पर स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में सुलकी बाई के चेहरे पर मुंह के पास व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। घायल सुलकी बाई को तत्काल केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में लाकर उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

#### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

- आरोपी पत्नी गिरफ्तार, हुई जेल दाखिल

पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर चार महीने पूर्व पति द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत जयनगर बाजारपारा निवासी मैकेनिक का काम करने वाले मदन पनिका पिता लक्ष्मण पनिका द्वारा पत्नी शीला की प्रताड़ना से तंग आकर 30 नवंबर की रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मामले में परिजन द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पुलिस विभाग के आला अधिकारियों को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई थी।इस पर गठित जांच टीम के विवेचना में मैकेनिक मदन पनिका द्वारा पत्नी शीला द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने की वजह से आत्महत्या किए जाने की बात सिद्ध होने पर पुलिस ने पत्नी शीला के खिलाफ धारा 306 के तहत कार्यवाही करते हुए पत्नी को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि मैकेनिक मदन पनिका द्वारा करीब 12 वर्ष पूर्व शीला नामक महिला के साथ अंतर जातीय प्रेम विवाह किया गया था।

---

## जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव में चयनित विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा जिला सहायक परियोजना पदाधिकारी रवि प्रकाश पाण्डेय के आतिथ्य में जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा में जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ.एसके सिन्हा ने की। कार्यक्रम में डॉ.सिन्हा ने प्रेरणा उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं कहा कि प्रेरणा अनुभावानात्मक एवं प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है जहां विरासत और नवाचार का मिलन होता है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिन्हा ने कहा कि आपके अंदर रचनात्मक, क्रियात्मक, अभिव्यक्ति को प्रकट करने के लिए सशक्त एवं प्रेरणादायक मंच प्रदान किया गया है। चयनित छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, कविता लेखन, चित्रकला, कहानी लेखन, भाषण आदि के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा के मूल्यांकन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय जवाहर नवोदय विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में चयनित 30 छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व एवं सांस्कृतिक जागरूकता का परीक्षण किया। तीन राउंड में चयन की प्रकिया पूरी की गई। चयनित विद्यार्थियों में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा जिन्हें अहमदाबाद जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में जाने का अवसर मिलेगा।

## डीएवी में श्रद्धापूर्वक में मनाई गई महात्मा हंसराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को महात्मा हंसराज की 160 वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई।इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय प्राचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाएं और विद्यार्थी शामिल हुए।विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा महात्मा हंसराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए आयोजन का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विद्यालय प्राचार्य एच के पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि महात्मा हंसराज जी का संपूर्ण जीवन त्याग और सेवा भाव से परिपूर्ण रहा है । वैदिक संस्कृति के उन्नयन, समाज सेवा एवं शिक्षा के प्रचार- प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। वे दयानंद एंग्लो वैदिक हाई स्कूल लाहौर के अवैतनिक प्रधानाध्यापक रहेऔर बाद में दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज के आजीवन अवैतनिक प्राचार्य के रूप में सेवा देते रहे।उन्होंने समस्त विद्यार्थियों को अच्छी पुस्तकें पढ़ने और समाजसेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महाप्रबंधक अजय तिवारी ने विद्यालय परिवार को महात्मा हंसराज जयंती की शुभकामनाएं दीं, इसके बाद विद्यालय के संस्कृत अध्यापक बलवीर त्रिपाठी व अमूल भोईं ने भी महात्मा हंसराज के बारे में अपने वक्तव्य साझा किये। तत्पश्चात संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं के द्वारा ' ओम है जीवन हमारा, ओम प्राणाधार है'।

---

### अब ताकतवर व्यवधान से ही मिलेगी गर्मी से राहत

# झुलसाने लगी पश्चिमी हवा की गर्मी, दिन का पारा पहली बार पहुंचा 40.5 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दोपहर के समय सूनसान सड़क।

एक सप्ताह की राहत के बाद अब गर्मी के तेवर शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ी तथा दिन का तापमान चालु सीजन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मौसम कार्यालय द्वारा शक्रवार को दिन का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकार् किया गया है जो इस वर्ष का सर्वाधिक तापमान है। सरगुजा में अप्रैल के महीने से भीषण गर्मी की शुरूआत हो जाती है तथा तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इस बार लगातार पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में उलटफेर होता रहा। लम्बे समय तक पछुआ विक्षोभ के प्रभावशील होने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के कारण एक सप्ताह तक गर्मी से राहत रही। इस दौरान दिन व रात का तापमान औसत से नीचे रहने के कारण गर्मी महसुस नहीं हुई। अभी भी उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसका प्रभाव 2-3 दिन में सरगुजा पहुंचने की संभावना है। हालाकि सरगुजा में विक्षोभ का खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। इस दौरान आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं तापमान में आंशिक कमी आने की संभावना है। वर्तमान में कोई सिस्टम गतिशील होने की भी संभावना नहीं है। ऐसे में अब मानसून के दस्तक देने तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है। गर्मी के मौसम में पछुआ विक्षोभ सहित अन्य मौसमी व्यवधानों के कारण बेमौसम बारिश होने के कारण मौसम में बदलाव होने के साथ ही गर्मी से राहत मिलती है। फिलहाल न तो बंगाल की खाड़ी में कोई हलचल है न ही अंडमान सागर में ही कोई सिस्टम है। लगातार पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की गर्म हवाएं पहुंच रही है जिससे फिलहाल कोई मौसमी व्यवधान आने की संभावना नहीं है। ऐसे में अब किसी ताकतवर विक्षोभ या अन्य व्यवधान के उत्पन्न होने या फिर मानसून की गतिविधियां प्रारम्भ होने पर ही गर्मी की तपिश से राहत मिलने की संभावना है।

#### रात में गर्मी से राहत

दो दिन पूर्व तक रात में भी गर्मी से राहत नहीं थी तथा रात का तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। पिछले तीन दिनों से रात के तापमान में लगातार गिरावट हो रही है जिसके कारण गर्मी से राहत है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को रात का तापमान 22.2 डिग्री एवं बुधवार को 21.2 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो शुक्रवार को गिरकर 19.8 डिग्री पहुंच गया है। फिलहाल राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा एवं पश्चिमती मध्यप्रदेश लू की चपेट में है। हालाकि मौसम विज्ञानी अभी सरगुजा में लू का प्रभाव नहीं पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं लेकिन जिस तरह से धूप की तपिश बढ़ रही है आगामी दो-तीन दिन तक दिन के तापमान में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है।



# रहमान के ऑस्कर विनिंग गाने को सुखविंदर ने किया था कंपोज

**मुंबई।** एआर रहमान को भले ही डैनी बॉयल की 2008 की ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के गाने 'जय हो' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड मिला हो, लेकिन इस ट्रैक की धुन को गायक सुखविंदर सिंह ने कंपोज किया था। इतना ही नहीं, इस गाने को स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए नहीं बल्कि सुभाष घई की एक फिल्म के लिए कंपोज किया गया था। एक इंटरव्यू में एआर रहमान के पूर्व सहयोगी और फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा ने गाने से जुड़े राज खोले हैं। राम गोपाल वर्मा ने बताया कि 'जय हो' गाने को सुभाष घई की साल 2008 में आई फिल्म 'युवराज' के लिए कंपोज किया गया था।

लाइफ Style

# मलाइका



## सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल

बॉलीवुड दिवा मलाइका अरोड़ा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में रहती हैं। हाल ही में, अभिनेत्री अपने बेटे अरहान खान के पॉडकास्ट 'डंब बिरयानी' में दिखाई दीं। अरहान का यह पॉडकास्ट पिछले कुछ समय से लोगों का ध्यान खींच रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस पॉडकास्ट में अभिनेत्री ने अपने बेटे से ऐसा सवाल किया, जिसे सुन लोग भड़क गए हैं और अब मलाइका को जमकर ट्रोल कर रहे हैं। पॉडकास्ट पर अपनी उपस्थिति के दौरान मलाइका और अरहान एक गेम में शामिल हुए, जहां दोनों ने एक-दूसरे से कई सवाल पूछे और अगर वे जवाब देने में असफल रहे, तो उन्हें 'मिर्ची का सालन' का शॉट लेना पड़ा या हरी मिर्च काटनी पड़ी। इस दौरान मलाइका ने अपने 22 वर्षीय बेटे से उनके शरीर की गिनती के बारे में पूछा, जिसका मतलब है कि वह अब तक कितनी महिलाओं के साथ संबंध बना चुके हैं।

मलाइका ने आगे कहा, मुझे ईमानदारी से जवाब दो... बस मुझे जवाब दो... मुझे एक नंबर चाहिए।" हालांकि, आश्चर्य दिख रहे अरहान ने सवाल का जवाब नहीं देने का फैसला किया और इसके बजाय 'मिर्ची का सालन' शॉट खा लिया। अब अभिनेत्री के इस सवाल पर सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है। एक यूजर ने लिखा, 'आखिर संस्कार कहां गए हैं। यह अपने बेटे से ऐसे सवाल कैसे पूछ सकती हैं।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'यह कैसा पॉडकास्ट है। मां-बेटे के रिश्ते की गरिमा कहां गईं।' एक और यूजर ने लिखा, 'यह सब देख कर दिमाग ही खराब हो गया है।'

## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलिस। वार्नर ब्रदर्स ने एम. नाइट श्यामलन की नवीनतम मनोवैज्ञानिक थ्रिलर 'ट्रैप' का ट्रेलर जारी कर दिया है। ट्रेलर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर इसकी धूम देखने को मिल रही है। 'ट्रैप' में जोश हार्टनेट, सालेका श्यामलन, हेले मिल्स और मार्नी मैकफेल जैसे सितारे मुख्य भूमिका में हैं। आधिकारिक लॉगलाइन के अनुसार, 'ट्रैप' एक पिता और किशोरी बेटी की कहानी है जो एक पॉप कॉन्सर्ट में भाग ले रहे हैं। कॉन्सर्ट में उन्हें एहसास होता है कि वे एक अंधेरे और भयावह घटना के केंद्र में हैं।




# सिडनी स्वीनी 'सुंदर नहीं' कमेंट पर भड़कीं एक्ट्रेस

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी ने हॉलीवुड के टॉप प्रोड्यूसर कैरोल बॉम को जमकर लताड़ लगाई है। दरअसल, कैरोल बॉम ने हाल ही में सिडनी स्वीनी पर कमेंट करते हुए कहा था कि 'वह सुंदर नहीं हैं' और कोई हैं, 'जो एक्टिंग नहीं कर सकती हैं'। दिग्गज निर्माता कैरोल बॉम ने एक इवेंट में 'यूफोरिया' और 'व्हाइट लोटस' की स्टार सिडनी स्वीनी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने एक्ट्रेस की हिट रॉम-कॉम 'एनीवन बट यू' की भी आलोचना की थी। अब सिडनी स्वीनी की तरफ से उनके रिप्रेजेंटेटिव ने वैरायटी को एक बयान दिया है। इस बयान में कहा गया, ''यह कितना दुखद है कि एक महिला अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने की बजाय दूसरी महिला पर हमला करना चुनती है।



# अंधविश्वासी निर्देशक के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म 'दो और दो प्यार' को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह लगातार इस फिल्म के लिए इंटरव्यू भी दे रही हैं। इसी बीच विद्या बालन ने एक ऐसी घटना के बारे में बताया जिसे सुनकर आप भी कहेंगे अब तो हद ही हो गई। दरअसल, विद्या बालन ने एक इंटरव्यू के दौरान फिल्म से जुड़ा एक किस्सा बताया। यह उस समय की बात है जब विद्या बॉलीवुड के अलावा तमिल सिनेमा में भी काम किया करती थी। उस दौरान उनके साथ एक ऐसी बात हुई जिसका खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान किया। विद्या ने कहा, ''मैं फिल्म की शूटिंग के लिए सेट पर रोजाना जाया करती थी, और मुझे सुनने में आया कि मेरे फिल्म का निर्देशक 42 दिनों से एक ही शॉर्ट्स लगातार पहनकर आ रहे हैं।



# फिर दिखा किंग खान का खास अंदाज

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान हर तरह से अपनी टीम के खिलाड़ियों के साथ नजर आते हैं। अपना समय निकालकर वह न सिर्फ मैदान में मैच देखने पहुंच रहे हैं, बल्कि मैच के बाद खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाते भी दिखाई देते हैं। हाल ही में ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिला। शाहरुख खान की एक तस्वीर सामने आई है। इसमें वह केकेआर के खिलाड़ी सुनील नरेन और उनकी पत्नी के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शाहरुख खान के एक फैन पेज से साझा किया गया है। इसमें शाहरुख खान को नरेन और उनकी पत्नी अंजेलिया के बीच बैठे हुए देखा जा सकता है। तीनों कैमरे को पोज दे रहे हैं। शाहरुख ने सफेद शर्ट और ट्राउजर पहना है। वहीं, सुनील कैजुअल लुक में हैं।

## टीवी मसाला



# नहीं कर सकता बोल्ड बेडरूम सीन

मुंबई। गुम है किसी के प्यार में शो के लीड एक्टर शक्ति अरोड़ा फीमेल फैन्स के बीच काफी पॉप्युलर हैं। सीरियल के ईशान सर सबका क्रश बन चुके हैं। दर्शक इंतजार कर रहे हैं कि ईशान और सवि के बीच रोमांटिक सीन दिखाए जाएं। इस बीच शक्ति अरोड़ा ने बेडरूम सीन्स पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि इंडियन एक्टर्स पर ये सब सूट नहीं करता है। शक्ति अरोड़ा स्टार प्लस का लोकप्रिय चेहरा हैं। गुम है किसी के प्यार में सीरियल में उन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। लोग उनके साथ सवि का रोमांस देखने के लिए बेकरार हैं लेकिन शक्ति का कहना है कि रोमांस तक ठीक है लेकिन वह टीवी पर बेडरूम वाले इंटीमेट सीन करने से बचते हैं। शक्ति अरोड़ा ओटीटी शोज की बात कर रहे थे।

# अब इंडस्ट्री में पक्षपात बहुत है... 'चंद्रकांता' के कुंवर विक्रम

**मुंबई।** 90 के दशक के मशहूर धारावाहिक 'चंद्रकांता' में कुंवर विक्रम सिंह का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले अभिनेता शाहबाज खान बीते लंबे समय से पर्दे से दूर हैं। चंद्रकांता के अलावा उन्होंने 'बेताल पच्चीसी' में बेताल की भूमिका निभाकर भी खूब वाहवाही बटोरी। इसके अलावा उन्हें 'राम सिया के लव-कुश', 'युग', 'अफसर बिटिया', 'कर्मफल दाता शनि' जैसे सीरियल में दमदार अभिनय से लोगों का दिल जीतते देखा जा चुका है। एक वक्त पर अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों का भी हिस्सा रहे। हालांकि, आजकल वह पर्दे से गायब हैं। वहीं अब अभिनेता ने खुद इसके पीछे का असली कारण बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। शाहबाज खान ने 'राजू चाचा', 'चल मेरे भाई', 'बादल', 'जय हिंद' और 'मेहंदी' जैसी फिल्मों में काम किया है। अभिनेता को उनके नेगेटिव रोल के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उन्हें सबसे ज्यादा लोकप्रियता 'चंद्रकांता' में निभाए कुंवर विक्रम सिंह के किरदार से मिली।




# दुबई से हैदराबाद लौटे महेश बाबू और राजामौली



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार महेश बाबू इन दिनों फिल्म निर्माता एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी शीर्षक एसएसएमबी 29 है। महेश बाबू और एसएस राजामौली को आज शुक्रवार की सुबह हैदराबाद लौटते देखा गया। उन्हें एयरपोर्ट पर देखा गया। एक्स और इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में महेश बाबू और एसएस राजामौली एयरपोर्ट से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। बताया गया है कि दोनों दुबई से लौट रहे थे। फिलहाल फिल्म एसएसएमबी 29 अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। महेश बाबू, एसएस राजामौली और निर्माता केएल नारायण दुबई से लौटने पर आज सुबह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखे गए। काफी समय हो गया है, जब प्रशंसकों को महेश बाबू और एसएस राजामौली को एक साथ देखने का आनंद मिला है।

# सकीना को पसंद आया तारा सिंह का नया लुक



**मुंबई।** सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी फिल्म 'गदर' में खूब हिट रही है। असल जिंदगी में भी दोनों सितारे काफी अच्छे दोस्त हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर दोनों एक-दूसरे के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ एक बार हाल ही में देखने को मिला। दरअसल, सनी देओल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक ताजा तस्वीर साझा की है। इस पर अमीषा पटेल के कमेंट ने यूजर्स का सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है। अभिनेता सनी देओल सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। अक्सर वह अपने प्रशंसकों के साथ अपनी तस्वीरें साझा करते दिखते हैं। उन्होंने अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह डेनिम शर्ट पहने दिख रहे हैं। इस पर अभिनेता के प्रशंसकों ने कमेंट की झड़ी लगा दी। कई बॉलीवुड सितारों ने भी प्रतिक्रिया दी। वहीं, अमीषा पटेल का कमेंट सबसे खास लगा। अभिनेत्री ने सनी देओल की तारीफ में लिखा, 'सबसे शानदार, सबसे हैंडसम'।

# 'दो और दो प्यार' के निर्माताओं का दर्शकों को बड़ा तोहफा



मुंबई। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दो और दो प्यार' आखिरकार आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। शुरुआती तौर पर फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं अब फिल्म के निर्माता फिल्म की रिलीज के पहले दिन ही दर्शकों के लिए बड़ा तोहफा लेकर आए हैं, जो फिल्म की टिकट से जुड़ा हुआ है। अब दर्शक एक टिकट कीमत पर दो टिकट खरीद सकते हैं। दरअसल, निर्माताओं ने नया ऑफर जारी किया है। निर्माता एक टिकट खरीदने पर एक मुफ्त टिकट का ऑफर लेकर आए हैं। अब दर्शकों को 'दो और दो प्यार' की एक टिकट खरीदने पर एक टिकट मुफ्त मिल रहा है।

# यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होंगी शबाना-करिश्मा



*मुंबई। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल दुनिया में सबसे लंबे समय तक चलने वाला दक्षिण एशियाई फिल्म महोत्सव है। वहीं, अब इसके 26वें संस्करण पर बड़ा अपडेट सामने आया है। यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2024 का आयोजन 2 से 12 मई तक लंदन, लीसेस्टर और ऑक्सफोर्ड में किया जाएगा। वार्षिक कार्यक्रम में कुछ बॉलीवुड हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसकी सूची इस प्रकार है- 26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में अभिनेत्री शबाना आजमी और करिश्मा कपूर सहित प्रमुख हस्तियों को भारतीय सिनेमा में उनकी भूमिकाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। 'क्लाइमेट ऑफ चेंज' थीम पर आधारित यह महोत्सव लंदन में बीएफआई आईमैक्स में रुमाना मोल्ला की इंडो-बेल्जियन फिल्म 'मिनिमम' के प्रीमियर के साथ शुरू होगा। वहीं, भारतीय अभिनेता अंशुमन झा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'लॉर्ड कर्जन की हवेली' का यूके प्रीमियर भी इस साल के यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में होगा।*

## शबाना की प्रसिद्ध फिल्मों की होगी स्क्रीनिंग

26वें यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में शबाना आजमी की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उनके इंडस्ट्री में 50 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा, जिसमें उनकी पहली फिल्म 'अंकुर', दीपा मेहता की 1996 की रोमांटिक फिल्म 'फायर' और उनकी सबसे हालिया रिलीज फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शामिल है। प्रत्येक स्क्रीनिंग के बाद शबाना आजमी मंच पर बातचीत करेंगी।



## कविता को भी मिलेगा सम्मान

करिश्मा कपूर, प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति और डिजाइनर रीना ढाका के कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने की उम्मीद है। इस दौरान करिश्मा कपूर और कविता कृष्णमूर्ति को सिनेमा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस साल के उत्सव की थीम के अनुरूप रीना ढाका पिछले कुछ सालों के अपने सबसे प्रतिष्ठित रनवे शो के साथ-साथ फैशन, स्थिरता और अपने करियर प्रक्षेप पर चर्चा करेंगी। जानकारी हो कि ढाका के जरिए डिजाइन किए गए आउटफिट नाओमी कैंपबेल और उमा थुरमन द्वारा पहने जा चुके हैं।

# राजकुमार के साथ आमिर लॉन्च करेंगे गाना 'पापा कहते हैं 2.0'




**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म 'कयामत से कयामत तक' का गाना 'पापा कहते हैं' काफी पसंदीदा गाना रहा है। दर्शकों को आज भी यह गाना काफी पसंद है। ऐसे में आमिर ने इस गाने को पसंद करने वाले को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, आमिर खान अपने 'पापा कहते हैं' गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए तैयार हैं। इस खबर से आमिर के फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। इस गाने को फिर से लॉन्च करने के लिए इसे 'पापा कहते हैं 2.0' नाम दिया गया है। राजकुमार राव और अलाया एफ की आगामी बायोपिक फिल्म 'श्रीकांत' में इसे गाने को दिखाया जाएगा। दर्शकों को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में एक शानदार इवेंट में आमिर खान इस गाने को लॉन्च करेंगे। इसके साथ ही दृष्टिबाधित पेशेवर बैंड के सदस्यों द्वारा इसका लाइव प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रायगढ़-खरसिया विस क्षेत्र के लिए भेजे गए ईवीएम

**रायगढ़।** रायगढ़ तहसील कार्यालय स्थित निर्वाचन वेयर हाउस से लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग शुरू हो गई है। गुरुवार को दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से केआईटी कॉलेज में ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक कंटेनर ट्रक से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों की शिफ्टिंग की गई। लोकसभा निर्वाचन के लिए पूर्व में विधानसभा वार ईवीएम मशीनों का सेप्रेशन किया गया था। इसमें वेयरहाउस में स्थित ईवीएम मशीनों को जिले के रायगढ़, खरसिया, लैलूंगा और धरमजयगढ़ विधानसभा के अनुसार आबंटन किया गया था। इसके बाद अब ईवीएम मशीनों को शिफ्टिंग का कार्य शुरू हो गया है। शिफ्टिंग के पहले दिन रायगढ़ विधानसभा के लिए केआईटी कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में दो कंटेनर ट्रक के माध्यम से मशीनों की शिफ्टिंग की गई। इसमें बीयू 350, सीयू 350 एवं वीवीपैट 369 की शिफ्टिंग की गई। इसी तरह एक ट्रक कंटेनर के माध्यम से खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के लिए सी यूए बीयू एवं वीवीपैट मशीनों की शिफ्टिंग की गई।

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा हेतु तिथि निर्धारित

**रायगढ़/सारंगढ़।** सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा सीईई 22, 23, 24, 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा।

### 9 लीटर महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव को मुखबीर से ग्राम डूमरपाली की महिला पद्मावती साहू को अवैध बिक्री के लिये महुआ शराब लेने जाने की सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल ग्राम भ्रमण पर रवाना हुए थाने की पेट्रोलिंग को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। भूपदेवपुर पुलिस की टीम द्वारा ग्राम डूमरपाली बस्ती के पास महिला पद्मावती पति सुदामा साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम डूमरपाली थाना भूदेवपुर को थैले के अंदर प्लास्टिक जरकिन में अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लाते हुए पकड़ा गया है। आरोपिया पद्मावती साहू के पास से पांच लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक जरकिन में करीब 9 लीटर महुआ शराब कीमती 900 का मिला। आरोपिया पद्मावती साहू के कृत्य पर भूपदेवपुर पुलिस द्वारा अपराध धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक शंभू पांडे, आरक्षक बोधरम सिदार, विजय कुमार पटेल, कृष्ण कुमार वारेन, महिला आरक्षक गौरी सिदार शामिल थे।

### काली फिल्म लगी कार का कटा चालान

**रायगढ़।** चार पहिया वाहन के शीशों पर काली फिल्म का उपयोग वर्जित है। न्यायालय के आदेशानुसार काली फिल्म लगाने वालों पर पुलिस यातायात नियमों के अनुरूप कार्रवाई करती है। इसी क्रम में आज सुबह टाउन पेट्रोलिंग दौरान ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चद्रा द्वारा ब्लैक फिल्म लगी कार सीजी 13 व्ही 7598 पर कार्रवाई करते हुए कार में लगी फिल्म निकलवाया गया। साथ ही वाहन चालक आयुश मानिक निवासी ननसिया कबीर चौंक जूटमिल पर मोटरयान अधिनियम 100(2) के तहत 2,000 रूपए का समन शुल्क काटा गया है। वाहन चालक का पूर्ण पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज किया गया है। आयुश को हिदायत दी गई है।

#### जिलेभर में 8 हजार से ज्यादा आवेदन लंबित

# नियम बदले तो बढ़ी परेशानी, तहसील कार्यालय में नाम सुधार के आवेदनों का लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में करीब आठ हजार ऐसे मामले हैं जिनके राजस्व अभिलेखों में ढेरों त्रुटियां हैं। किसी का नाम गलत लिखा हुआ है तो किसी के खसरा नंबर में त्रुटि है। बसरा क्रमांक भी कहीं कहीं गलत है। ऐसे त्रुटियों को सुधार नहीं करने के कारण जमीनों की खरीदी बिक्री, नामांतरण, डायवर्सन आदि प्रभावित हो रहे हैं।

भूमिस्वामियों ने इसमें सुधार करने के लिए एड़ीचोटी का जोर लगा दिया है, लेकिन राजस्व विभाग की धीमी रफ्तार ने ऐसे त्रुटि सुधार प्रकरणों का अंबार लगा दिया है। लोग बार बार चक्कर लगाकर थक गए हैं लेकिन अभिलेखों में सुधार नहीं हो पा रहा है। इससे पहले ऐसी त्रुटियों को पटवारी आईडी से ही ठीक किया जा सकता था। छग शासन ने नियमों में संशोधन करते हुए इसका अधिकार एसडीएम को दे दिया। अब केवल एसडीएम लॉगिन आईडी से ही यह ठीक हो सकता है।




प्रकरण दर्ज होने के बाद तहसीलदार प्रतिवेदन आदि प्रक्रिया पूरी करनी है। इस वजह से प्रक्रिया बेहद लंबी हो जाती है। रायगढ़ जिले में त्रुटि सुधार के लंबित मामलों की संख्या 8085 है। इसमें रायगढ़ तहसील में करीब 2600 और पुसौर में करीब 3000 प्रकरण लंबित बताए जा रहे हैं। एसडीएम के दूसरे कामों में व्यस्त रहने के कारण ऐसे मामलों पर कोई ध्यान नहीं देताए जिसके नाम में थोड़ी से त्रुटि हैए उसको भी कई महीनों तक भटकना पड़ रहा है। खरसिया में भी करीब 2000 प्रकरण हैं।

**महीनों से लंबित**

राजस्व विभाग में कई आवेदन नाम में मात्रा सुधार के हैं। ऐसे आवेदन भी महीनों से लटके हैं। रायगढ़ अनुविभाग में ऐसे प्रकरण सबसे ज्यादा हैं। रोजाना कई ऐसे लोग एसडीएम ऑफिस में दिख जाएंगे जो कई दिनों से इसको ठीक कराने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

**प्रक्रिया हुई लंबी**

नियमों में संशोधन के बाद प्रक्रिया लंबी हो गई है। तहसीलदार प्रतिवेदन के बाद ही आदेश हो सकता है। प्रक्रिया के कारण लंबित मामले बढ़ते जा रहे हैं।

-प्रवीण तिवारी
एसडीएम रायगढ़

# धरमजयगढ़ में सौ से अधिक अतिकायों की मौजूदगी से वन विभाग सांसत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



धरमजयगढ़ वन मंडल में ही इन दिनों 105 हाथी अलग अलग रेंज में विचरण कर रहे। जहां बीती रात हाथियों के द्वारा 5 किसानों के धान की फसलों के साथ. साथ 180 पौधे के अलावा 54 नग फेंसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों केवल धरमजयगढ़ वन मंडल में ही अलग अलग रेंज में 105 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें 22 नर 51 मादा व 32 बच्चे शामिल हैं। हाथियों के इस दल में धरमजयगढ़ के सेमीपाली बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, बाकारूमा के जमाबीरा बीट में 22 हाथी, छाल के पुरूंगा बीट में 22 हाथी, कापू के कुमरता बीट में 11 हाथी, छाल के हाटी बीट में 9 हाथियों के अलावा धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

■ फसलों और हरियाली को चौपट करने का सिलसिला जारी, लोग भयभीत

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार हाथियों के मूवमेंट पर ड्रोन कैमरे के जरिए निगरानी रखते हुए हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथी से सावधानी बरतने लगातार अपील की जाती रही है। ताकि उनके क्षेत्र में हाथी के हमले से किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। बीती रात हाथियों के एक दल ने बाकारूमा के जमाबीरा बीट के सोखामुडा गांव में 03 किसानों की धान की फसलए छाल के कीटा व तेंदुमुडा गांव में दो किसानों की धान की फसलए छाल के पुरूंगा बीट में 1 किसान की धान की फसल के अलावा पुरूंगा में ही जोरदार आंतक मचाते हुए 180 नग पौधों को बुरी तरह तहस नहस करते हुए पौधों को सुरक्षित रखने उसके आसपास लगाए गए 54 फेसिंग पोल को नुकसान पहुंचाया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों के द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। वन विभाग के द्वारा क्षेत्र में लगातार हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए गांव के ग्रामीणों को जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जा रही है। साथ ही साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराते हुए हाथी से सावधानी बरतने की बात कही जा रही है।

## झारखंड छत्तीसगढ़ के 6 मवेशी तस्करों को किया गिरफ्तार



रायगढ़। रात्रि गस्त दौरान थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में भूपदेवपुर पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर हरदीझरिया के रास्ते पर पैदल मवेशियों को मारते पीटते तस्करी कर रहे 6 व्यक्तियों को पकड़ा गया है। जिन्होंने मवेशियों को सिंघनपुर छाल जंगल रास्ते से झारखंड बूचड़खाने लेकर जाना बताए। आरोपियों के कब्जे से 14 नग कृषक मवेशी कीमती करीब 2,27,500 रूपए का पुलिस ने कब्जे में लिया। जब्त मवेशियों का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनके चारा पानी के लिए मवेशियों को गोठान में रखवाया गया है। मवेशी तस्कर आरोपी कयाम खान पिता स्व. निवाज खान उम्र 55 वर्ष निवासी अटरिया थाना गुमला झारखंड पुष्पक कुमार बर्मन पिता अवध राम उम्र 42 वर्ष निवासी बुनगा थाना पुसौर जिला रायगढ़ शोभाराम नवरंगे पिता मोहर दास उम्र 55 वर्ष निवासी धुरकोट थाना डभरा जिला सक्ती, खेमराज निराला पिता स्व. शोभाराम उम्र 36 वर्ष निवासी बुनगा थाना पुसौर जिला रायगढ़, शिव प्रसाद सिदार पिता अरत राम उम्र 21 वर्ष निवासी डोमा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा निवासी होरीलाल सारथी पिता प्यारीलाल सारथी उम्र 40 साल निवासी हरदीझरिया थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ पर थाना भूपदेवपुर में धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परीरक्षण अधिनियम 2004 के तहत कार्रवाई की गई है।

## यूनेस्को पुरस्कार 2024 की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रायगढ़।** देशभर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों की शिक्षा को लेकर निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत बहुत से व्यक्ति और संगठन अपने अपने स्तर पर बेटियों की शिक्षा के लिए बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों के लिए यूनेस्को पुरस्कार 2024 की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस संबंध में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक अधिसूचना जारी कर इस पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन के लिए कहा है। गौरतलब है कि इस पुरस्कार को जीतने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को 50000 डॉलर का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए ऐसे लोग और संस्थाएं अपना नामांकन करा सकेंगेए जिने शिक्षा के क्षेत्र में काम करते हुए 2 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यूनेस्को पुरस्कार के लिए गठित कमेटी के जरिए जो प्रतिभागी चयनित होंगे उसके बाद उन्हें एक औपचारिक समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। इसमें नामांकित व्यक्तियों के पास मापनीयता और प्रभाव प्रदर्शित करने वाली कम से कम 2 वर्षों के लिए परिचालन परियोजनाएं होनी आवश्यक है। इसलिए यूनेस्को के सदस्य राज्यों और भागीदार गैर सरकारी संगठनों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों से भी आग्रह किया गया है कि वह 30 अप्रेल तक यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग को आवेदन अग्रेषित करें।

■ बेटियों की शिक्षा में श्रेष्ठ कार्य करने वालों को मिलेगा पुरस्कार

## छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर प्रेरित करने की जरूरत : डॉ. रक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शास राभरा एनईएस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर में एग्जामिनेशन स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विज्ञान संकाय एवं आई. क्यू. ए. सी. के द्वारा किया गया। विषय विशेषज्ञ के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉ. अबरार खान ने कहा कि, परीक्षा तनाव आजकल छात्रों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

हमें यह समझना जरूरी है कि परीक्षा से जुड़ा तनाव छात्रों के मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। हमें अपने छात्रों को सहायता प्रदान करने और उन्हें तनाव के साथ निपटने के उपाय सिखाने की जरूरत है। उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है।एक दिवसीय कार्यशाला के रूप में, हमें छात्रों को विभिन्न तकनीकों और उपायों का परिचय देने का अवसर मिलता है जो उन्हें परीक्षा तनाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। हमें इस कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को सामाजिक सहायता, मानसिक स्थिति की संतुलना, और सही आहार और व्यायाम की महत्वता के बारे में जागरूक करना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने कहा कि हमें अपने छात्रों को सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर समर्थन प्रदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि वे परीक्षा के समय में अपने अध्ययन को संगठित और प्रभावी ढंग से संचालित कर सकें। हमें छात्रों को उनकी स्थिति को समझने और सही सलाह देने के लिए प्रेरित करना चाहिए ताकि वे अपने तनाव को सही तरीके से संभाल सकें। समर्थन, प्रेरणा, और विकास के साथ, हम सभी एक स्वस्थ और सक्षम समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं, जहां परीक्षा तनाव को कम किया जाता है और छात्रों को अधिक उत्साही, सक्रिय और स्वास्थ्यवर्धक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जाता है।" कार्यशाला के संयोजक प्रो. डी. आर. राठिया ने कहा कि आजकल, परीक्षा तनाव छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। हमारे समाज में परीक्षाओं के प्रति दृष्टि समय-समय पर बदल जाती है, लेकिन तनाव का मामला हमेशा ही उच्च रहता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा तनाव को समझने और उसका सामना करने के उपायों को सीखने में मदद करना है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी ) की संयोजक डॉ. उमा लकड़ा ने बताया हमें यह समझना है कि परीक्षा तनाव का समाधान केवल एक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने की क्षमता में नहीं है, बल्कि इसका समाधान हमारे छात्रों के सामाजिक, मानसिक, और शारीरिक विकास में है। हमें छात्रों को सही मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए ताकि वे परीक्षा के दबाव को सही तरीके से संभाल एवं समझ सकें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सक्षम हों। आईक्यूएसी के सह-संयोजक श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह वरिष्ठ ग्रंथपाल ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से हम छात्रों को विभिन्न तकनीकों और उपायों के बारे में जागरूक करने का प्रयास करेंगे, जो उन्हें परीक्षा तनाव से निपटने में मदद कर सकते हैं। आयोजन समिति की सदस्य कु रिजवाना खातून विभागाध्यक्ष अंग्रेजी ने कहा कि हम छात्रों को ध्यान, योग, स्वस्थ आहार, और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि वे परीक्षा के समय में अपनी मानसिक और शारीरिक स्थिति को बेहतर बना सकें।आयोजन समिति के अन्य सदस्य प्रो. वरुण श्रीवास ने बताया, हम सभी मिलकर एक ऐसे वातावरण का निर्माण करेंगे जो छात्रों को समर्थ, प्रेरित, और सहायक बनाए रखें।

## तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र के दो आदिवासी बच्चे भारतीय खेल प्राधिकरण में चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउण्डेशन द्वारा चलाए जा रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र से दो आदिवासी बच्चों का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण में हुआ है।

प्रदेश के बिलासपुर स्थित बहतराई स्टेडियम में साई ट्रायल सिलेक्सन प्रतियोगिता में अदाणी फाउंडेशन के निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण ले रही तमनार की कक्षा 7वीं की छात्रा विनिषा मिंज और ग्राम आमगांव के कक्षा 11वीं के छात्र राजेश राठिया चयनित हुए हैं। इन दोनों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर में खेलने के लिए खेल प्राधिकरण में तीरंदाजी प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इनके रहनेए विशेष डायट तथा प्रशिक्षण के लिए आवश्यक खेल सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में सहयोग हेतु विद्यालय का एडमिशन फीस भी केन्द्र सरकार द्वारा ही वहन किया जाएगा। उल्लेखनीय है, कि अदाणी फाउंडेशन द्वारा बच्चों को तीरंदाजी में पारंगत करने हेतु तमनार के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में 17 वर्ष से कम उम्र के कुल 15 विद्यार्थियों को अपने निःशुल्क तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र में कोच नकुल सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक नकुल सिंह का अभी हाल ही में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय खेल निकाय खेल प्राधिकरण के खेलो इण्डिया अभियान में सीनियर कोच के रूप में चयन हुआ है। जिसे भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा 1984 में पूरे भारत में खेल के विकास के लिए स्थापित किया गया था। छत्तीसगढ़ राज्य में इसकी एक शाखा रायपुर में स्थित है।

### घर घुसकर चोरी का प्रयास दो आरोपी भेजे गए जेल

**रायगढ़।** रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गए परिवार के सूने मकान में चोरी का प्रयास करते दो आरोपियों को मकान मालिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। आरोपियों को चोरी के प्रयास के आरोप में जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोतवाली में अजय यादव 35 साल निवासी राजापारा बाघतालाब के पास रायगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल 17 अप्रैल की रात्रि घर के दरवाजे के सिटकीनी को बंद कर श्रीरामनवमी शोभायात्रा में शामिल होने गया था, रात्रि करीब 01.20 बजे वापस घर आने पर देखा कि एक युवक घर के बेडरूम में घुसकर अलमारी को खोलकर समान को इधर उधर कर बिखेर रहा था, जिसे पकड़कर चोर चोर चिल्लाया तो उसका एक और साथी घर के दूसरे रूम से बाहर निकलकर भागने लगाए तब तक घर और आसपास के लोग जाग गये और दूसरे चोर को भी पकड़े जिनसे नाम पता पूछने पर एक युवक अपना नाम आकाश यादव और दूसरे ने अपना नाम विशाल यादव दोनों निवासी मिट्ठुमुडा दुर्गा चौंक के पास रायगढ़ के रहने वाले बताए। घटना को लेकर थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध धारा 457, 511, 34 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। दोनों आरोपी आदतन चोर है, इन्हें पूर्व में भी कोतवाली चोरी के अपराध में चालान की है।

## पेज 1 का शेष

### मानव तस्करी ...

मिली एवं दबाव पड़ने पर वह अंबिकापुर तक उन बच्चों को छोड़ दिए। जशपुर जिले के एक गांव में निवासरत उक्त रिश्तेदार आरोपिया को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर बताई कि वह योजनाबद्ध तरीके से उक्त तीनों बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ घर में बिना किसी को बताये ले गई एवं दोनों बच्चियों को शादी करा दूंगी कहकर अपने साथियों को सौंप दी थी। रिश्तेदार ने बच्चियों की शादी कराने के लिये 03 लाख में सौदा कर ली थी जिसका एडवांश वह 20 हजार ले चुकी थी, 10 हजार रू. खर्च हो गये एवं शेष नगदी 10 हजार रू. नगद, स्कूटी वाहन एवं 01 नग मोबाईल को पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। *आरोपी उम्र 35 साल* का कृत्य उक्त धारा सदर का अपराध पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही, बच्चों की बरामदगी एवं आरोपिया की गिरफ्तारी में एसडीओपी बगीचा श्रीमती निमिषा पाण्डेय, थाना प्रभारी तपकरा उ.नि. सुनील सिंह, स.उ.नि. प्रेमिका कुजूर, स.उ.नि. अनिल कामरे, स.उ.नि. सामुदान टोप्पो, म.आर. 633 मंजू यादव, आर. षिवपूजन साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### तिवारी नाले के ...

खराबी है। एनीकट की गेट के पास नहर की चौड़ाई अधिक कर दी गई है। इसलिए नहर में जा रहा पानी कुछ दूरी तक चलने के बाद वापस डैम की ओर लौटने लगता है। जब तक तकनीकी गलतियों में सुधार नहीं होगा तब तक तिवारी नाले में पानी लंबी दूरी तक नही बह पाएगा। इस वर्ष तिवारी एनीकट में गर्मी के मौसम में लबालब पानी भरे होने के बावजूद नहर में पानी बहुत ही कम दूरी तक देखने को मिल रहा है।तिवारी नहर के पानी को सिंघाड़ा तालाब तक पहुंचाना जरूरी है। क्योंकि सिंघाड़ा तालाब का पानी देउलबंद तालाब में आता है और देउलबंद का पानी रानीसती तालाब में। यदि तीनों तालाब भरे होंगे तो शहरी इलाके का जल स्तर सामान्य बना रहेगा। वर्तमान में सिंघाड़ा तालाब में मधुबनटोली इलाके के मुख्य नाले का पानी आकर मिल रहा है। यदि तालाब में साफ और ताजा पानीनहीं आया तो सिर्फ नालियों का पानी जमा होगा। मामूली फाल्ट के सुधार हेतु बनाया गया प्रस्ताव शासन के पास लंबित : 3 साल पहले तिवारी नहर के निर्माण में तकनीकी कमी का जानकारी जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों ने पता लगा लिया था।जिसके सुधार हेतु प्रस्ताव बना किसी भी मद से राशि मंजूरी का प्रयास किया जा रहा है,लेकिन आज पर्यंत तक यह प्रयास सफल नहीं हो सका है।जल संसाधन विभाग ने इस वर्ष 21 फरवरी 2024 को 42.6 लाख रुपए का प्रस्ताव नहर के जिर्णद्धोर व मरम्मत कार्य हेतु डीएमएफ मद से कार्य योजना का मांग बना जिला प्रशासन के समक्ष भेजा है। लेकिन आज तक इस पर स्वीकृति नहीं मिला पाई है।समय पर स्वीकृति प्रदान करने और कार्य शुरू कर देने से ग्राउंड लेबल वाटर को रिचार्ज करने की एक अच्छी प्लानिंग सफल हो सकती है।बीते कुछ दिनों से शहर का तापमान बढ़ना शुरू हो गया है,जिस वजह से बढ़ते तापमान के साथ ही शहर के भू-जलस्तर में भी गिरावट देखी जा रही है। सूत्रों की मानें तो अभी भू-जलस्तर में अनुमानित 2 फीट की गिरावट देखी जा रही है। इस वक्त ग्राउंड लेबल वाटर 45 फीट पर है। यदि यही हाल रहा तो मई की भीषण गर्मी में भू-जलस्तर में अच्छी खासी गिरावट आ सकती है जो की शहर के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है।

### पीएम श्री प्राथमिक ...

विस्तार से बताया एवं स्वास्थ्य शिविर में मिले लाभार्थी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। चिरायु टीम के डॉ. सचिन लकड़ा द्वारा स्वास्थ्य संबंधी बातें बताई गई। कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सक डॉ. देव कुमार चौधरी डेंटल डॉ अमित जयसवाल, डॉ सचिन लकड़ा, डॉ साक्षी गुप्ता एवं चिरायु टीम से उनकी पूरी टीम शामिल रही। शिविर में ब्लड ग्रुप, आंख, नाक, कोहनी चर्म, मौसमी बुखार एवं अन्य गंभीर बीमारियों की पहचान कर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बच्चों को आवश्यकतानुसार दवाइयां, मल्हम, आई ड्रॉप्स एवं सर्दी-बुखार की दवाइयां दी गई। अभिभावकों को सही समय पर aदवाइयां लेने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के समापन के बाद विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनुपमा हंसराज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं बच्चों के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# पोरथ धाम में शुरू हुआ ब्रतोपनयन संस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

चित्रोत्पला नदी किनारे स्थित पोरथधाम जहां सभी प्रकार के संस्कार होते हुए आ रहे हैं उसमें एक ब्रतोपनयन संस्कार भी अब जुड गया है जहां बिते दिनांक को शुभ लग्न में रायगढ के गुरूद्रोण स्कूल के संचालक फागुलाल सिंह पत्नि तारा देवी सिंह के 2 बेटे गजेन्द्र सिंह एवं शडेन्द्र सिंह का उपनयन संस्कार हुआ और वे यज्ञोपवित धारण किए।

ज्ञात हो कि ब्राम्हणों की तरह क्षत्रियों में भी यज्ञोपवित धारण करने की परंपरा है जिसे वे बखुबी निभाते रहें हैं। जानकारी के मुताविक स्कूल संचालक फागुलाल सिंह ने उक्त संस्कार के लिए महानदी चित्रोत्पला तट स्थित पोरथ धाम को चयन किया और यहां अपने परिवार व स्टाफ के साथ आकर इसे संपन्न किया है। उल्लेखनीय है कि पोरथ धाम के विकास के लिए प्रदेश सरकार भी मुस्तैद है जिसके लिए फंड मुहैया कराते हुए इसे तीर्थस्थल में तब्दील करने की व्यवस्था देने की तैयारी में है।







